हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 21 जून 2025
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

13 चण्डीधाम करमु में मंदिर का होगा नवनिर्माण



14 जिला स्तरीय सहकारी सम्मेलन में शामिल हुए...



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25

# गोद टेमरी के विकास के लिए जनसंवाद राज्यपाल डेका का प्रेरक प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने बेमेतरा जिले के अपने दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन नगर स्थित माँ भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात वे अपने गोद लिए ग्राम टेमरी पहुँचे, जहाँ उन्होंने एक जनसेवी और जनसरोकारों से जुड़े नेतृत्वकर्ता के रूप में सादगी और प्रतिबद्धता का परिचय दिया।

**पौधरोपण से शुरुआत : एक पेड़ माँ के नाम-** ग्राम टेमरी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में राज्यपाल ने "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत पीपल का पौधा रोपा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सरकार के खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने भी कदम का पौधा लगाया। इस प्रतीकात्मक पहल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और मातृ-सम्मान का सुंदर संदेश दिया गया। राज्यपाल ने स्वास्थ्य केंद्र के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया और दवाई भंडार व नेत्र परीक्षण कक्ष की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रभारी चिकित्सक से दवाइयों की उपलब्धता, रोगियों की संख्या और उपचार की स्थिति की जानकारी ली।

**जनसंवाद कार्यक्रम : गांव की आवाज़ से सीधा संवाद-** पंचायत भवन परिसर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में राज्यपाल ने सरपंच, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं और ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। जब सरपंच ने गांव में पेयजल की गंभीर समस्या उठाई, तो ▸▸| शेष पेज 12 पर

## खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने भी कदम कदम में पौधे लगाए



### सम्मान व सहयोग की भावनात्मक झलक

कार्यक्रम के समापन पर राज्यपाल ने तीन तपेदिक रोगियों को पोषण फुड बास्केट, प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को गणवेश तथा हाईस्कूल के नवप्रवेशी छात्रों को पुस्तकें व स्कूल बैग वितरित किए। एकता स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती प्रमिला गोस्वामी द्वारा राज्यपाल को भेंट किए गए हस्तनिर्मित कुल्हड़ और ताजा सब्जियों की टोकरी को राज्यपाल ने आत्मीयता से स्वीकार किया और समूह के कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस गरिमामय प्रवास ने न केवल गोद लिए गांव टेमरी के सर्वांगीण विकास की नींव रखी, बल्कि जनसुनवाई, भागीदारी और सेवा भावना को भी एक नई दिशा दी। राज्यपाल रमेन डेका का यह प्रयास निश्चित रूप से ग्राम टेमरी को एक आदर्श गांव के रूप में स्थापित करने की ओर प्रेरित करेगा।

## खबर संक्षेप

### विवेकानंद स्टेडियम कंतेली में आज योग अभ्यास करेंगे

**बेमेतरा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद स्टेडियम (कंतेली), बेमेतरा में ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम आज 21 जून प्रातःकाल आयोजित किया गया है। इस विशेष अवसर पर छत्तीसगढ़ के खाद्य मंत्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली विद्यार्थी, स्वैच्छिक संगठन, योग संस्थान और आम नागरिक बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे कल जून की सुबह निर्धारित समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुँचकर सामूहिक योगाभ्यास में भाग लें। उन्होंने कहा कि "योग शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का साधन है। इसे अपनाकर हम स्वस्थ और संतुलित जीवन जी सकते हैं। यह दिन हमें हमारी सांस्कृतिक विरासत और शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य की ओर लौटने का अवसर देता है। योग दिवस कार्यक्रम में प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास कराया जाएगा, जिसमें सभी आयु वर्ग के लोग भाग ले सकते हैं।जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम की व्यापक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं।

### साजा पुष्प वाटिका में आज योगाभ्यास

**साजा।** अतरराष्ट्रीय योग दिवस के111 वे वर्ष का थीम हरित योग,योग संगम के पवन उद्देश्य के साथ योग दिवस का कार्यक्रम नगर पंचायत साजा के पुष्प वाटीका में आयोजित किया गया है।सुबह 7 बजे से 7.45 के मध्य योग प्रशिक्षक के द्वारा उपस्थित नागरिकों एवं जन प्रतिनिधियों योग अभ्यास कराया जाएगा।नगर पंचायत साजा द्वारा द्वारा नगर पंचायत के सभी नागरिकों से इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर योग दिवस के कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

### चाकू से हमला कर लूट तीन युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** खुर्सीपार क्षेत्र में चाकू से हमला कर लूट करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने बताया कि खुर्सीपार निवासी विनोद कुमार पर अंग्रेजी शराब दुकान के पास चाकू से हमला कर 300 रुपए की लूट की गई थी। पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले में जांच शुरू की। जांच के बाद शेखर पिता संजय गुप्ता 20 वर्ष, मज्जी कुमार 19 वर्ष, आफताब अंसारी 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### अपहरण कर मारपीट करने वाले गिरफ्तार

**भिलाई।** श्रमिक नगर छावनी निवासी हरीश उर्फ विक्की पिता नारायण सोनी (33वर्ष) का अपहरण कर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कया है। 21 मई को हरीश को गाड़ी में बैठाकर ले जाया गया, इसके बाद उससे मारपीट की गई। आरोपियों में कैनाल रोड खुर्सीपार निवासी इंद्रजीत उर्फ टकली पिता चरणजीत सिंह, न्यू खुर्सीपार निवासी हरू उर्फ हर्ष सिंह पिता अवतार सिंह, सुभाष मार्केट निवासी गोली उर्फ ओमकार सिंह पिता अवतार सिंह शामिल हैं। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। मामले में पुलिस की जांच जारी है।

**कार्रवाई :** 29 हाईवा, 3 ट्रक, 9 ट्रैक्टर, 1 टिप्पर और 9 जेसीबी सीज

# रेत के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण में संलिप्त 50 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिला प्रशासन ने अवैध खनन, अवैध परिवहन और रेत के अनाधिकृत भंडारण के खिलाफ सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। राजस्व, खनिज और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें दो दिन बुधवार व गुरुवार को लगातार फील्ड में रही और अलग-अलग तहसीलों में दबिश देकर 50 से अधिक वाहनों को जब्त किया। इस कार्रवाई में अवैध खनन और परिवहन में लगे 29 हाइवा, 3 ट्रक, 9 ट्रैक्टर, 1 टिपर और 9 जेसीबी मशीनों को सीज किया गया। इसके अलावा रेत के अवैध भंडारण के दो बड़े अड्डों पर कार्रवाई कर 228 ट्रैक्टर ट्रिप रेत को जब्त किया गया।

■ जिला प्रशासन की संयुक्त टीमों की ताबड़तोड़ कार्रवाई से माफियाओं में हड़कंप

**जिलेभर में तहसीलवार सघन अभियान-** प्रशासन की कार्रवाई पूरे जिले में समान रूप से की गई। बेमेतरा तहसील में 4 हाइवा, 2 ट्रक और 1 जेसीबी मशीन जब्त की गई। नवागढ़ और नांदघाट तहसीलों में संयुक्त कार्रवाई कर 7 हाइवा और 4 ट्रैक्टर जब्त किए गए। ये वाहन संबलपुर, मारो और नांदघाट थानों को सुपुर्द किए गए हैं। भिभौरी तहसील में 3 हाइवा, 1 टाटा वाहन, 1 जेसीबी और एक चेन माउंटेन वाहन पकड़े गए, जिन्हें कंडेरका चौकी (थाना बेरला) भेजा गया। साजा तहसील में 3 ट्रैक्टर ट्रॉली, 1 हाइवा और 1 बोरवेल वाहन पकड़ा गया। देवकर तहसील से 3 हाइवा और 1 जेसीबी मशीन जब्त की गई।

**कलेक्टर का सख्त संदेशः अवैध खनन बर्दाश्त नहीं-** कलेक्टर रणबीर शर्मा ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि जिले में खनिज संसाधनों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। अवैध खनन, परिवहन और भंडारण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह कार्रवाई आगे भी इसी सख्ती से जारी रहेगी। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वे आसपास यदि कहीं भी अवैध खनन या रेत संग्रहण की गतिविधि देखें, तो प्रशासन को तुरंत सूचित करें।

**प्रशासन की कार्रवाई बनी नजीर-** प्रशासन की इस मुहिम ने यह साफ संदेश दिया है कि अब अवैध ▸▸| शेष पेज 12 पर

## सैकड़ों ट्रैक्टर रेत का भंडारण उजागर




### सरदा और सिंगदेही में भारी मात्रा में रेत भंडारण

खनिज अधिकारी अर्चना ठाकुर ने बताया कि रेत के अवैध भंडारण पर भी कड़ी कार्रवाई की गई। बेरला तहसील के ग्राम सरदा में 30 ट्रैक्टर ट्रिप रेत और ग्राम सिंगदेही में 198 ट्रैक्टर ट्रिप रेत जब्त की गई। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि यह रेत बिना अनुमति संग्रहित की जा रही थी और बिक्री के लिए तैयार की गई थी। अब इन मामलों में अग्रिम कानूनी प्रक्रिया जारी है।

# मुर्गा लदा वाहन पलटा घायल चालक तड़पता रहा व भीड़ लूटती रही मुर्गियां



हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवागढ़

शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे नेशनल हाईवे-130 पर ग्राम टेमरी ओवरब्रिज के पास दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। रायपुर से बिलासपुर की ओर जा रही एक मुर्गा मालवाहक पिकअप का अचानक टायर फट गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। गाड़ी के पलटते ही उसमें लदे पिंजरे सड़क पर बिखर गए और सैकड़ों मुर्गियां इधर-उधर दौड़ने लगीं।

■ टायर फटने से हुआ हादसा, संवेदनहीनता की शर्मनाक तस्वीरें आई सामने

लेकिन इससे भी ज़्यादा विचलित करने वाला दृश्य तब सामने आया जब घायल चालक वाहन में फंसा तड़पता रहा और राहगीर उसे बचाने की बजाय मुर्गियां पकड़ने में लग गए।

**ड्राइवर मदद के लिए चिल्लाता रहा-** हादसे में पिकअप चालक बुरी तरह वाहन के भीतर फंस गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वह लगातार मदद की गुहार लगाता रहा, लेकिन वहां मौजूद लोगों की प्राथमिकता कुछ और ही थी। कुछ लोग बोरी और थैले लेकर मुर्गियां पकड़ने में जुट गए, तो कुछ मोबाइल से वीडियो बनाने लगे। करीब आधे घंटे तक ड्राइवर मदद के बिना वहीं पड़ा रहा। वह दर्द से कराहता ▸▸| शेष पेज 12 पर

# आत्मानंद विद्यालय में बाल संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल, शिवलाल राठी में बाल संरक्षण को लेकर एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभागीय टीम द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से छात्र-छात्राओं को बाल संरक्षण, बाल विवाह की रोकथाम, बालिका शिक्षा, बालिका पोषण एवं बालिकाओं की सुरक्षा से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

विशेष रूप से बच्चों को गुड टच और बैड टच की पहचान करने के लिए सरल एवं प्रभावी तरीके से समझाया गया ताकि वे किसी भी असुविधा या आपत्तिजनक स्थिति में स्वयं की रक्षा कर सकें। साथ ही, यदि किसी भी छात्र या छात्रा को संकट की स्थिति का सामना करना पड़े, तो वे चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर टोल फ्री कॉल कर तुरंत सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इस हेल्पलाइन के माध्यम से बच्चों को गुप्त रूप से सहायता और परामर्श मुहैया कराया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे ▸▸| शेष पेज 12 पर

### कंपनी का डायरेक्टर बताकर धोखाधड़ी

**भिलाई।** बड़ी कंपनी रूलबर्ड वाईट साफटेक प्राइवेट लिमिटेड का डायरेक्टर बताकर 6 हाईवा किराए पर लेने के बाद किराया राशि नहीं देने के मामले में पुलिस ने सेक्टर-8 निवासी लोकेश पिता टिकलेश्वर नेताम (30 वर्ष) और आनंद विहार फेज-2 निवासी स्वप्निल पिता अरविंद शिंदे (31 वर्ष) को गिरफ्तार किया। उन्होंने कोर्ट में पेश किया गया, जहां से 14 दिन की रिमांड पर जेल भेज दिया गया। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि प्रार्थी के विठ्ठलपुरम ऑफिस मे जाकर कोरबा, बिलासपुर, अंबिकापुर, रायगढ़ के कंपनी एवं कोल खदान के अधिकारी एवं सभी विधायक मंत्री से अच्छा संबंध है कि बात कहकर 6 हाईवा किराए पर लिए गए।

# डीएलएड प्रथम व द्वितीय वर्ष की वार्षिक परीक्षा 100 में 99 ने दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की वार्षिक परीक्षाएं शुक्रवार सम्पन्न हुआ । एक दिन के अंतराल में प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं आयोजित की जा रही थी। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित ये परीक्षाएं सुबह की पालियों में संचालित की जा रही थी। परीक्षाएं शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हों गई। अंतिम दिन डीएलएड प्रथम वर्ष की परीक्षा में 100 में से 99 परीक्षार्थी उपस्थित रहे,एक परीक्षार्थी अनुपस्थित था। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बेमेतरा की प्राचार्य कविता बाचपेयी को केंद्राध्यक्ष बनाया गया था। जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में चल रहे डीएलएड की परीक्षा में अभी तक छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के पांच सदस्य निरीक्षण के लिए डाइट बेमेतरा आ ▸▸| शेष पेज 12 पर

**निःशुल्क योग कक्षाएं चला रहीं महिला योग समिति की बहनें बनीं प्रेरणा**

# महिला पतंजलि योग समिति की निशुल्क योग कक्षा में रोज शामिल होते हैं सैकड़ों

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



स्वस्थ समाज और रोगमुक्त जीवनशैली की दिशा में बेमेतरा की महिला पतंजलि योग समिति की बहनें मिसाल बन गई हैं। समिति द्वारा शहर के कई स्थानों पर निःशुल्क नियमित योग कक्षाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें हर दिन बड़ी संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं।

समिति की योग साधिकाएं निःस्वार्थ भाव से प्रतिदिन सुबह योगाभ्यास करवा रही हैं। यह केवल योग शिक्षा नहीं, बल्कि समाज सेवा का जीवंत उदाहरण है। वर्तमान में साहू छात्रावास व उषा गंगवानी द्वारा सिंधी कॉलोनी में, सुषमा शर्मा द्वारा अशोका विहार में वही शिक्षिका प्रगति साहू द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में प्रातः 5 से 6 बजे तक और नीलिमा साहू द्वारा उसी परिसर में प्रातः 6 से 7 बजे तक नियमित योग कक्षाएं संचालित की जा रही हैं।

इन कक्षाओं में योगासन, प्राणायाम और ध्यान के साथ-साथ अनुशासित व संयमित जीवनशैली के गुर भी सिखाए जा रहे हैं। नियमित अभ्यास से लाभान्वित हो रहे लोगों का कहना है कि उन्होंने मानसिक तनाव में कमी, शारीरिक चुस्ती और सकारात्मक सोच में वृद्धि महसूस की है।शिक्षिका प्रगति साहू का कहना है कि हमारा उद्देश्य केवल लोगों को योग सिखाना नहीं, बल्कि उन्हें ऐसा जीवन जीने की प्रेरणा देना है, जिसमें संतुलन, शांति और स्वास्थ्य हो। जब हम देखती हैं कि नियमित योग करने वालों के चेहरे पर संतोष और ऊर्जा झलकती है, तो लगता है कि हमारा यह सेवाभाव सार्थक हो रहा है। महिला पतंजलि योग समिति के माध्यम से हम यह संदेश देना चाहती हैं कि हर कोई अपने स्तर पर समाज के लिए कुछ न कुछ कर सकता है — बस नीयत और समर्पण चाहिए। महिला पतंजलि योग समिति केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि युवाओं ▸▸| शेष पेज 12 पर

# मां शीतला जुड़वास में झांकियों के साथ निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| देवकर



नगर देवकर के शीतला माता मंदिर में आयोजित जुड़वास उत्सव इस बार नगरवासियों द्वारा बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्ल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें हर साल की तरह इस बार भी विभिन्न कार्यक्रमों कर माध्यम से जुड़वास उत्सव को भक्तजनों एवं आयोजकों द्वारा खास बनाया गया। जिसमें हजारों की तादाद में नगर के श्रद्धालुगण एवं भक्तजन इस दौरान शामिल रहे। इस अवसर पर पर्व की शुरुआत 8 बजे सुबह मन्दिर प्रांगण से महिलाओं एवं लड़कियों द्वारा पारम्परिक परिधान के साथ सुसज्जित कलश लेकर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बाजे-गाजे और झांकी में नौ रूप काली माता का प्रस्तुति किया । साथ एवं महाराष्ट्र नगपुरा फेमस धुमाल 3 स्टार की प्रस्तुति किया गया,नगर के युवाओं द्वारा अपने गालों एवं जीभ पर बाणा लगाकर (एक प्रकार का मुँह पर नुकीला बाण से छेद कर चलना) भक्तिमय भाव से नगर भ्रमण किया गया। जिसमें नगर के विभिन्न वर्गों से सभी लोगों की उपस्थिति बनी रही। वही कलश शोभायात्रा कर बाद शीतला मन्दिर मे स्थानीय ▸▸| शेष पेज 12 पर

**खबर संक्षेप**

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजन आज



**अंडा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को शांतिवन प्रखर वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा बृहद योग का आयोजन ग्राम पंचायत कुथरेल के चंद्राकर भवन में सुबह 6 बजे से किया जा रहा है। आयोजन को लेकर फाउंडेशन के सदस्य जोर-शोर से प्रचार में लगे हुए हैं। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कई बड़े आयोजन प्रशासन स्तर पर होते हैं यह आयोजन प्रायः जिला मुख्यालयों में ज्यादातर होता है जिससे ग्रामीण अंचल के लोग शामिल नहीं हो पाते जिसको ध्यान में रखते हुए फाउंडेशन के द्वारा पिछले वर्ष भी यह आयोजन किया गया था, और इस वर्ष भी योग दिवस पर बड़े आयोजन की तैयारी की जा रही है, जिसमें गांव एवं आसपास के लोगों को ज्यादा से ज्यादा भाग लेने की अपील फाउंडेशन के द्वारा किया गया है।शांतिवन प्रखर वेलफेयर फाउंडेशन के सचिव नागेंद्र चंद्राकर ने बताया कि इस वर्ष योग का कार्यक्रम आर्ट ऑफ लिविंग के योग टीचर प्रदीप चंद्राकर द्वारा कराया जाएगा साथ ही योग को संगीत के साथ करने की तैयारी की जा रही है इसके लिए सोशल मीडिया के साथ गांव के युवा गणमान्य नागरिक एवं जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जा रहा है ताकि योग का लाभ सभी को मिल सके।

### शिवोहम शिवमहापुराण की कथा : अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने कहा

# स्वयं में शिव समाया है, उसे ढूंढ़ने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम/भिलाई

दुर्ग के निकुम में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा का पांच दिवसीय शिवमहापुराण कथा गुरुवार को शुरू हुई। उन्होने पहले दिन शवोहम शिवमहापुराण कथा सुनाई।

पं. मिश्रा ने कहा कि शिवोहम का मतलब है कि स्वयं में शिव समाया हुआ है। जैसे नस हमारे शरीर में है बस उसे ढूढ़ने की जरूरत है। इसके लिए हमें संयमित होना पड़ेगा। काम, वासना, आसक्ति, तृष्णा से हमें कसना पड़ेगा, कि ये हमारे भीतर प्रवेश न कर जाए। उसके बाद संत्सग की थप लगाओ और मन को स्थिर कर लो। परमात्मा प्राप्त हो जाता है।

**जय महाकाल सेवा समिति द्वारा आयोजित शिव महापुराण कथा के पहले दिन ही सारे पंडाल फुल**



शिव महापुराण कथा में झूमते हुए श्रद्धालु।



कथावाचक पं. मिश्रा का छत्तीसगढ़ की पारंपरिक ढंग से आयोजक रूपेश देशमुख ने किया सम्मान।

### जो परिवार की परवाह करता है वह जगत में पूज्य हो जाता है

इस संसार में अगर कोई सच्चा और समर्पित परिवार है, तो वह भगवान शिव का परिवार है। भगवान शंकर के पूरे परिवार का पूजन हो रहा है लेकिन बाकी के देवताओं के वंशज हो देखेंगे तो उनके पूजन का क्रम नहीं देख पाएंगे।शास्त्र कहता है कि शिव जी ने अपने पूरे परिवार की परवाह करी। जो जगत में अपने परिवार की परवाह करता है वह संसार में पूज्यमान हो जाता है। उन्होंने श्रोताओं से कहा कि शिव का परिवार ही संपूर्ण ब्रह्मांड को एक सूत्र में बांधने वाला उदाहरण है।जहां एक ओर गणेशजी बुद्धि के प्रतीक हैं, वहीं कार्तिकेय वीरता के, माता पार्वती शक्ति की देवी हैं और स्वयं शिव त्याग व कल्याण के देवता हैं।

### सीएम की धर्मपत्नी कौशल्या, विधायक ललित व ताम्रध्वज ने भी कथा सुनी

मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और ताम्रध्वज साहू पूर्व गृह मंत्री कथा सुनने पहुंचे। व्यासपीठ पर जाकर कथावाचक पं. मिश्रा से आशीर्वाद प्राप्त किया।

**कथावाचक पं. मिश्रा का संदेश**

- आज के समाज में टूटते परिवारों के बीच शिव परिवार हमें एकता, सहनशीलता और प्रेम का संदेश देता है।
- परिवार का मतलब सिर्फ खून का रिश्ता नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव और एक-दूसरे के प्रति कर्तव्य है।
- शिव परिवार हमें सिखाता है कि भिन्नता में भी कैसे समरसता लाई जा सकती है।

**ये चार कार्य जिससे जीवन होगा सफल**

अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने श्री शिव महापुराण कथा के तहत जीवन में चार कार्य जरूर करने की सीख दी। कहा कि यह करने से ही जीवन सफल होगा। शिव की भक्ति के साथ परमार्थ जरूरी है।

**पहला-** परमार्थ- बीमार लोगों का इलाज कराएं, जिन्हें अच्छी शिक्षा चाहिए उन्हें पढ़ाएं।

**दूसरा-** प्रकृति का कर्ज चुकाओ-इंसान प्रकृति का कर्ज चुकाए बगैर चला जाता है। इसलिए पौधे रोपकर उसे वृक्ष बनाओ और कर्ज चुकाओ।

**तीसरा-** कन्यादान करो- जीवन में बन सके तो एक कन्यादान जरूर करें, बेटियों की मदद कर उन्हें आगे बढ़ाएं, इससे जीवन सफल होगा।

**चौथा-** शिवालय में सेवा करो- इस पृथ्वी में आए हो तो जीवन में एक बार किसी भी शिवालय में सेवा करोगे तो शिव कृपा करेंगे।

### पहले ही दिन श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

पहले दिन ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। यहां आठ पंडाल बनाए गए थे सभी फुल हो गए। अंचल के आसपास से ग्रामीण की भीड़ सबसे ज्यादा दिखी। राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, बालोद, धमतरी, रायपुर, बेमेतरा, कवर्धा सहित अन्य जिलों से भी भक्तजन यहां पहुंचे हैं। जिसकी वजह से पंडालों में लोगों को जगह नहीं मिल पा रही। दोपहर एक बजे कथा शुरू हुई लेकिन भक्तों का आना दोपहर 2 बजे तक चलता रहा। कथा विराम होने के बाद हर रूट में लाखों शिवभक्त नजर आ रहे। वाहनों की पार्किंग भी फुल रही।

### छत्तीसगढ़ में बरसती है भोले बाबा की कृपा

पं. मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ वालों को गर्व होना चाहिए। छत्तीसगढ़ में बरसती है भोले बाबा की कृपा। राम का ननिहाल और मां कौशल्या का मायका है छत्तीसगढ़ । यहां शिवकथा में लाखों की भीड रहती है और भक्त बड़े ध्यान से कथा श्रवण करते हैं। पं मिश्रा ने कहा कि घर की दीवारों में शुभ लाभ लिखने से काम नहीं चलेगा। सुविचार से ही लाभ की प्राप्ति होगी।



विधायक ललित चंद्राकर व्यासपीठ का पूजन करने पहुंचे।





# किसानों से ट्रांसफार्मर लगवाने और परमानेंट कनेक्शन के नाम पर लाखों रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धमधा इन दिनों किसानों को विद्युत विभाग के माध्यम से परमानेंट कनेक्शन और ट्रांसफार्मर लगाने जैसे कई मामलों में ठगा जा रहा है। वहीं ताजा मामला धमधा ब्लॉक के ग्राम कन्हारपुरी और ग्राम करेली के किसानों का है जहां पर एक युवक शुभम मानिकपुरी द्वारा ट्रांसफार्मर लगवाने एवं टेंपरेरी कनेक्शन को परमानेंट कनेक्शन करवाने की बात कह कर सात किसानों से तकरीबन लाखों रुपया और लिया गया। वहीं पीड़ितों ने बताया कि ठगी करने वाला व्यक्ति अपने आपको भाजपा का नेता बता रहा था एवं स्थानीय विधायक के साथ उसके गहरे संबंध भी है करके बखान कर रहा था जिस विश्वास से चलते किसानों ने उसे पैसा दे डाला लेकिन साल बीत गए ना ही ट्रांसफार्मर लगा और ना ही परमानेंट कनेक्शन। पीड़ित किसानों ने अपनी परेशानी मीडिया के माध्यम से प्रशासन को अवगत कराया वही इस मामले से जुड़ी एक वीडियो जिसमें किसानों के बीच बैठा शुभम मानिकपुरी के द्वारा किसानों से पैसा लिया जा रहा है जिसमें शुभम मानिकपुरी के द्वारा पैसा गिनते हुए अपने जेब में रखा जा रहा है और बिजली विभाग में ऊंची पहुंच और सेटिंग का दावा करते हुए तकरीबन साथ किसानों से लाखों रुपया वसूल कर रहा है।

- ठगी करने वाले शुभम मानिकपुरी ने खुद को बताया भाजपा का नेता



आम जनों के बताएं अनुसार यह शुभम मानिकपुरी पहले भी विद्युत विभाग में कनेक्शन दिलाने, पोल लगवाने, ट्रांसफार्मर लगवाने, मीटर रीडिंग जैसे कार्यों के लिए पैसा लेने में चर्चित रह चुका है। लेकिन प्रशासन की नाकामियों के चलते कभी भी इस तक पहुंच नहीं पाया गया।

वहीं कन्हारपुरी के किसान राजेंद्र साहू ने बताया कि ट्रांसफार्मर लगवाने और अस्थाई कनेक्शन को स्थाई करवाने के लिए मुझसे शुभम मानिकपुरी द्वारा पैसा लिया गया है जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की जा रही है। प्रशासन से हमारी मांग है कि तत्काल इस मामले पर फिर कार्यवाही करें। वहीं करेली निवासी किसान ऋषि साहू ने बताया कि मेरे से एवं अन्य 6 किसानों से कनेक्शन के नाम पर शुभम मानिकपुरी द्वारा पैसा लिया गया है जिसकी शिकायत मीडिया एवं उच्च अधिकारी द्वारा की गई है।

## चाकू व डंडे से वार कर युवक को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम लोहरसी में स्थित आंवला बगीचा में आज से करीब चार साल पहले एक युवक की पीटकर और चाकू से हमला कर तीन लोगों ने गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसका इलाज के दौरान पाटन अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना किया। इस मामले पर अपर सत्र न्यायालय पाटन के न्यायाधीश दुलार सिंह निर्मलकर ने तीनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मतृक के परिजन की तरफ से अतिरिक्त शासकीय लोक अभियोजक शेखर वर्मा ने पैरवी की। जानकारी के मुताबिक 22 मई 2022 को पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम लोहरसी और रवेली के पास स्थिति आंवला बगीचा में। पुरैना भिलाई 3 निवासी अजय कुमार गौतम को खून से लतपथ पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस ने पाटन अस्पताल लाया जहां पर उसका इलाज के दौरान मौत हो गया। इसके बाद पुलिस हत्या सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू किया। कई लोगों से पूछताछ किया। ग्राम पंचायत घुघवा में लगे सीसी टीवी से काफी अहम सुराग मिला। पुलिस इसी सुराग के साथ तह तक पहुंची। परिजनों ने भी कुछ लोगों पर संदिग्ध होने का आरोप लगाए। इसके बाद पुरैना भिलाई 3 के ही रहने वाले नरेंद्र ध्रुव, प्रकाश विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पड़ताल शुरू किया। जिसमें आरोपियों ने अपना अपराध कबूल किया। इस प्रकरण की सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश पाटन दुलार सिंह निर्मलकर ने तीनों आरोपियों को आजीवन कारावास तथा अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामले में अतिरिक्त लोक अभियोजक शेखर वर्मा ने पैरवी की।

- तीन आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

## लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आत्म-नियंत्रण का प्रयोग करना चाहिएः दुर्गा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

जेसीसी क्रिकेट क्लब आमटी आबादी के तत्वावधान में रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रवेश शुल्क 1111 रुपए रखा गया था, जिसमें प्रथम पुरस्कार मोंहलाई 15555 रुपया केशव बंटी हरमुख कोल्हापुरी 36 फुट द्वारा प्रदत्त, द्वितीय पुरस्कार खाड़ा 8888 रुपया गुप्त दान, तृतीय पुरस्कार रनचिराई 5555 रुपया दुर्गापुरुषोत्तम चौधरी सरपंच द्वारा प्रदत्त, चतुर्थ पुरस्कार आमटी 3333 रुपया डॉक्टर तुलाराम साहू उप सरपंच द्वारा प्रदान किया गया। एवं फाइनल मैच में हैट्रिक छक्का हैट्रिक चौका हैट्रिक विकेट बेस्ट बॉलर बेस्ट कीपर बेस्ट बैट्समैन बेस्ट फील्डर मैन ऑफ़ द सीरीज का आकर्षक पुरस्कार भी रखा गया था। समिति के सदस्य गण गोलू, सोनू पटेल, सोहन पटेल, सुनील साहू, हिमांशु पटेल व चितरंजन साहू व मोहन ठाकुर सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गांव के मुख्या सरपंच दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी ने कहा कि सभी खिलाड़ियों को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उनके जोश और मेहनत को सराहा। आपको अपने खेल में अनुशासन और आत्म-नियंत्रण के महत्व को समझना चाहिए। आपको अपने खेल में अनुशासन बनाए रखना चाहिए और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आत्म-नियंत्रण का प्रयोग करना चाहिए।मैं आप सभी से आग्रह करती हूँ कि आप अपने खेल में निष्ठा, समर्पण, टीम वर्क, अनुशासन, और आत्म-नियंत्रण के साथ काम करें। आप अपने खेल में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं।

- रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आमटी में आयोजित, विजेता बने मोंहलाई

## नवप्रवेशी बच्चों को खिलाया मिठा, दिया गणवेश

**पाटन।** ग्राम पंचायत पंदर मिडिल एवं प्रायमरी स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम रखा गया था। नवप्रवेशी बच्चो का मुँह मीठा कर नए कपड़े वितरण करकें शाला प्रवेश करवाया। जिसमें ग्राम पंचायत पंदर के उपसरपंच आकाश कश्यप, शाला विकास समिति के अध्यक्ष शिव प्रसाद वर्मा, राजेश्वरी वर्मा, भानुलता बारले सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे साथ ही सुनील वर्मा के द्वारा न्योता भोज का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें नवप्रवेशी बच्चे न्योता भोज पाकर उनके चेहरे में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।



## राहुल गांधी के जन्मदिन के पर सरकारी अस्पताल में फल वितरण

**उतई।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष और रायबरेली सांसद राहुल गांधी की जन्मदिन 19 जून को कांग्रेसजनों द्वारा सादगी और सेवाभाव से मनाया गया। इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी के सदस्य उपस्थित थे। इस सेवा कार्यक्रम का उद्देश्य अस्पताल के मरीजों के प्रति सम्मान और सहयोग का भाव प्रदर्शित करना है।

इसी सेवाभाव के उद्देश्य से सरकारी अस्पताल के मरीजों को फल व बिस्किट वितरण करके उनका हालचाल जाना व उनके स्वास्थ्य लाभ के लिए अस्पताल प्रबंधन को निवेदन किया। इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बहादुर सिंह नेताम, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी, वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद राकेश साहू, वार्ड 9 के पार्षद व नेता प्रतिपक्ष नगर पंचायत उतई द्वारिका साहू, पूर्व पार्षद प्रहलाद वर्मा, सुरता सिंह, गुलशन शर्मा, धनंजय नेताम, टीकम डोण्डे, मुकेश साहू, तोरण ठाकुर, विनोद सोनी, आशीष रावत, व अन्य लोग उपस्थित थे।



## आंगनबाड़ी केंद्र में हुआ गोदभराई कार्यक्रम

**पाटन।** आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 4 में गुरुवार को गोदभराई कार्यक्रम आयोजित हुआ और वॉर्ड क्रमांक 6 के पार्षद अनीता सरजू साहू द्वारा आंगन बाड़ी केंद्र को 4 नग कुर्सी वितरण किया गया है। अनिता साहू के कामों को देख कर वार्ड के लोग खुशी जाहिर करते हैं चाहे दुख सुख में खड़े रहते हैं। कहीं वार्ड में भ्रम तो कहीं स्कूलों में बच्चों को कापी, पेंसिल वितरण तो गरीबों के साथ ये पार्षद के कामों को देखकर पूरे मोहल्ले में चर्चा रहती है। पार्षद अनीता सरजू साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शिव कुमारी भोई, सहायिका हीरा कुमारी देवांगन, आरती छेदइया मितानिन, रेखा यादव, विमला विश्वकर्मा, निर्मला यादव, प्रमिला यादव, रोमा नेताम, बबली, जाम बाई नेताम उपस्थित थे।



पेज 11 के शेष...

### गोद टेमरी के...

राज्यपाल ने अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देश दिए और समाधान का आश्वासन भी दिया। **समग्र विकास मेरा दायित्व -** राज्यपाल ने कहा,"जब मैंने इस गांव को गोद लिया है, तो इसका समग्र विकास मेरा दायित्व है — लेकिन यह तभी संभव है जब आप सभी साथ मिलकर सहयोग करें। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता को प्राथमिकता बताते हुए महिलाओं को स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया। उन्होंने असम राज्य का उदाहरण देते हुए बताया कि वहाँ की महिलाएं हर सप्ताह कुछ घंटे श्रमदान कर गांव की सफाई करती हैं — ऐसी ही पहल की जरूरत टेमरी में भी है। **ओपन जिम और आय आजीविका की दिशा-** राज्यपाल ने स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए गांव में ओपन जिम स्थापित करने के निर्देश दिए, जिसे खाद्य मंत्री ने सहर्ष स्वीकार किया। साथ ही उन्होंने भविष्य में एक और जिम खोलने की भी घोषणा की। गांव के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में उन्होंने बकरी पालन, जैविक खेती, सब्जी उत्पादन और सहकारिता योजनाओं से जुड़ने का सुझाव दिया। इस संदर्भ में राज्यपाल के सचिव व सहकारिता विभाग के प्रमुख श्री सी.आर. प्रसन्ना ने ग्रामीणों को सहकारिता समितियों से जुड़ने के लाभ बताए। **विकास कार्यों की जानकारी-** खाद्य मंत्री श्री बघेल ने ग्राम टेमरी में अब तक किए गए कार्यों की जानकारी दी, जिसमें 80 लाख रुपये की लागत से गौरव पथ और सीसी रोड का निर्माण शामिल है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आश्वस्त किया कि अगले तीन माह में शिक्षा, स्वास्थ्य व स्वच्छता क्षेत्रों में ठोस परिवर्तन देखने को मिलेगा।

### रेत के अवैध...

खनन माफियाओं की खैर नहीं। यह कदम केवल खनिज संसाधनों के दोहन को रोकने का नहीं, बल्कि पर्यावरण संतुलन, जल स्त्रोतों की सुरक्षा और ग्रामीण जीवन की स्थिरता के लिए भी आवश्यक है। रेत जैसे खनिज का अवैध दोहन नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को बाधित करता है, जिससे जलस्तर गिरता है और खेत-खलिहानों पर प्रतिकूल असर पड़ता है। प्रशासन की यह कार्रवाई न केवल कानून व्यवस्था की मजबूती है, बल्कि स्थानीय पारिस्थितिकी और किसानों के हितों की भी रक्षा है।

### मुर्गा लदा वाहन...

रहा, लेकिन मानो वहां मौजूद किसी के भीतर इंसानियत बची ही न हो। **वीडियो-तस्वीरों में दिखी भीड़ की संवेदनहीनता-** घटनास्थल से सामने आए कुछ वीडियो और तस्वीरें समाज की गिरती संवेदनाओं को बयां कर रही हैं। इनमें साफ देखा जा सकता है कि किस तरह लोग घायल को अनदेखा कर मुर्गियों के पीछे भाग रहे हैं। कई लोग उन्हें उठाकर बाइक और साइकिल में भरते नजर आए। एक ओर इंसान जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा था, दूसरी ओर लोग 100-150 रुपए की मुर्गियों के पीछे इस कदर टूट पड़े मानो वही ज़िंदगी हो।

**पुलिस ने ड्राइवर को निकाला, यातायात बहाल किया-** घटना की सूचना मिलते ही नांदघाट पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने तत्काल भीड़ को हटाया और जेसीबी की मदद से क्षतिग्रस्त पिकअप से ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। कुछ ही देर में हाईवे पर यातायात भी बहाल कर दिया गया। **सुबह 9:30 बजे मिली सूचना-** हमें सुबह 9:30 बजे सूचना मिली। टीम तत्काल रवाना हुई। चालक को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। जेसीबी से पिकअप हटाकर ट्रैफिक सामान्य कराया गया।"

### आत्मानंद विद्यालय में...

एवं उन्होंने बच्चों को जागरूकता सत्र को गंभीरता से समझने और भविष्य में उसका व्यवहारिक प्रयोग करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम ने बच्चों के मन में सुरक्षा, आत्मविश्वास और अधिकारों के प्रति जागरूकता की भावना को मजबूत किया। विद्यालय प्रबंधन और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इस पहल की सराहना की गई और भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही गई, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके।

### डीएलएड प्रथम व...

चुके है उन्होंने संचालन व्यवस्था की सराहना की। संचालित परीक्षाओं में नकल का प्रकरण नहीं पाया गया। संस्थान के व्याख्याता और प्रशिक्षण प्रभाग के प्रभारी अनिल कुमार सोनी को सहायक केंद्राध्यक्ष तथा डॉ बसुबंधु दीवान को परीक्षा समन्वयक बनाया गया था। जबकि परीक्षा कार्य में कार्यालय सहायक के रूप में कमलेश कुमार शर्मा, सत्येंद्र मिश्रा कार्य कर रहे है। परीक्षा में सहयोगी के रूप में उषा किरण पाण्डेय, जी एल खुटियारे, थलज कुमार साहू, राजकुमार वर्मा, यमुना जांगड़े, कीर्ति घृतलहरे, श्रद्धा तिवारी, अमिंदर भारतीय, नागेंद्र शर्मा, सरस्वती साहू, पूनम पांडेय शामिल रहे ।

### महिला पतंजलि योग...

में संस्कार और नैतिक मूल्यों के विकास के लिए भी कार्य कर रही है। यह पहल समाज में महिलाओं की नेतृत्व क्षमता और सेवा भावना को उजागर करती है।

समिति की ओर से बेमेतरा वासियों से अपील की गई है कि वे इस निःशुल्क और लाभकारी सेवा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। /"योग करें, निरोग रहें/" का संदेश अब केवल नारा नहीं, बल्कि जनआंदोलन बनता जा रहा है।

### मां शीतला जुड़वास...

पं. श्रवण पाण्डेय द्वारा विधि विधान से जुड़वास को लेकर हवन अनुष्ठान के साथ पूजा-अर्चना किया गया। वही दोपहर में भक्तजनों द्वारा सेवा गीत भजन गाया गया।इसके बाद शाम के वक्त जस झांकी का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसे नगरवासियों द्वारा भरपूर आनंद उठाया गया। इस उत्सव के आयोजन में नगर के विभिन्न बिस्किट ,पानी ,इलाकों में शरबत और अन्य मिष्ठान का वितरण किया गया। जिसमे सदस्य अजय सपहा , दिनेश साहू ,संजय सपहा,कमल देवांगन , कुंजलाल साहू, ऋषि साहू, धमेंद्र पटेल,निरंजन ढीमर , राधेश्याम ढीमर ,विजय सपहा , आत्मा गोलू साहू,हरिश साहू , सौरभ सपहा,आकाश सपहा प्रकाश ढीमर ,सनत साहू, गोलू साहू,राकेश पाण्डेय, पुलिस प्रशासन का पुरा सहयोग रहा ।

**खबर संक्षेप**

### इंटर स्टील संयंत्र शतरंज स्पर्धा एक से

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आगामी 1 जुलाई से तीन दिवसीय स्टील प्लांट्स स्पोर्ट्स बोर्ड-एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन भिलाई निवास में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के लिए बीएसपी की प्रतिनिधि टीम के गठन के लिए चयन स्पर्धा का आयोजन 20 जून को शाम 6 बजे इस्पात क्लब, सेक्टर-2 में किया जाएगा।

क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग तथा बीएसपी चेस क्लब के तत्वावधान में आयोजित इस स्पर्धा में भाग लेने के लिए वही खिलाड़ी पात्र होंगे जो या तो पूर्व में अंतर इस्पात संयंत्र शतरंज प्रतियोगिता में भाग ले चुके हों या इंटरनेशनल रेटेड खिलाड़ी हों और बीएसपी/माइंस के अधिकारी-कर्मचारी अथवा भिलाई टाउनशिप क्षेत्र के 25 वर्ष से कम आयु के बेरोजगार युवा हों।

इच्छुक प्रतिभागी अपना पंजीयन 20 जून को शाम 4 बजे तक अलंकार भीवगड़े या एसके भगत के पास करा सकते हैं। चयन प्रक्रिया का संचालन बीएसपी चेस क्लब व सेफी अध्यक्ष एनके बंछोर, अंतरराष्ट्रीय आर्बिटर अलंकार भीवगडे और राष्ट्रीय खिलाड़ी एसके भगत करेंगे। प्रभारी उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक हैं।

### गलत संपत्तिकर स्व-विवरणी भरने पर पांच गुना जुर्माना

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्थित भवन/भूमि स्वामियों द्वारा अपने स्वामित्व के भवन/भूमियों पर संपत्तिकर स्व-निर्धारण प्रक्रिया के देय करों की राशि सहित विवरणी जमा की जा रही है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निगम द्वारा अधिकृत एजेंसी श्री पब्लिकेशन एण्ड स्टेशनर्स प्राईवेट लिमिटेड को संपत्तिकर एवं अन्य करों की वसूली करने निर्देशित किये है। साथ ही कुछ भवन/भूमि स्वामी द्वारा प्रस्तुत स्व-विवरणी में प्रस्तुत निर्मित क्षेत्र/उपयोग में भिन्नता होने की संभावना बनी है। जिसका पता लगाने जांच समिति का गठन किया गया है। इस हेतु निगम द्वारा भवनों/भूमियों की स्थल पर जाकर सत्यता की जांच की जायेगी।

# ई-रिक्शा दौड़ा रहे अनट्रेंड चालक, यातायात नियमों से अनजान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

हरिभूमि अभियान

शहर में बेखौफ दौड रही ई रिक्शा को लेकर चालक जरा भी गंभीर नही है। हालात यह हे कि, वे यातायात नियमों से अनजान होकर बेधडक रिक्शा दौडा रहे है। अनट्रैड चालको के चक्कर में सवारियों की जान पर भी आफत बन आई हैं।

ई रिक्शा की घटना लगातार शहर में घट रही है। इसके बाद भी यातयात विभाग गंभीर नही दिख रही है। चालको को यातायात नियमों से भी अवगत नही कराया जा रहा हैं। हरिभूमि ने इसे लेकर शहर के कई ई रिक्शा चालको से जानकारी ली, जिसमें यह बात सामने आई कि, उन्हें यातायात नियमों और संकेतक की भी जानकारी नही हैं। इसके बाद भी सरकारी सिस्टम की कमजोरी के चलते उन्हें बेखौफ ई रिक्शा की स्टेयरिंग दे दी गई हैं। चालको द्वारा ट्रैफिक सिग्नल का भी पालन नही किया जाता हैं। बडी बात यह है कि शहर में लगातार सडक दुर्घटना होने के बाद भी यातायात विभाग इसे अपनी जिम्मेदारी मानकर सडक पर नही उतर रहे है और चालक बेखौफ हो गए है।

## शहर में धड़ल्ले से दौड़ रहे ई रिक्शा, नहीं पढ़ाया जा रहा यातायात का पाठ

**बनाएं लाइसेंस**

"मैने ई रिक्शा लाइसेंस बनाया है लेकिन कई ऐसे चालक है, जिन्हे इसकी जानकारी तक नही दी जाती है। चालको को यातायात द्वारा जानकारी दी जानी चाहिए।"
**संजय कौशल, चालक**




**दे प्रशिक्षण**

"ई रिक्शा चालको को प्रशासन द्वारा न सिर्फ यातायात नियम बल्कि सब्सिडी आदि की जानकारी देनी चाहिए। कुछ लोगों को अभी भी इसकी जानकारी नही है।"
**दिलीप साहू, चालक**

**जागरूकता अभियान चलाएं**

"ई रिक्शा की संख्या बढने के साथ ही यातायात दबाव न बढे, इसे लेकर प्रशासन को ठोस प्लानिंग बनानी चाहिए।"
**विनोद ताम्रकार, व्यापारी इंदिरा मार्केट**

## प्रभारी सचिव सुब्रत साहू की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए खुलासा

# दुर्ग जिले में जनवरी से जून माह तक 49 मामलों में 231 किलो से ज्यादा गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी बढ़ते जा रही है। जिले की समीक्षा बैठक में इसका खुलासा हुआ है। 1 जनवरी से 19 जून 2025 की स्थिति में 49 मामलों में 231 किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया गया है। ये गांजा ओडिशा, छत्तीसगढ़ के अलग-अलग स्थानों से पहुंचा। जिला स्तरीय समिति नारकोटिक्स की बैठक जिले के प्रभारी सचिव सुब्रत साहू की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में इस पूरे मामले का खुलासा हुआ है। इस बैठक में कलेक्टर अभिजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आबकारी विभाग, समाज कल्याण विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र विभाग और वन विभाग के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। बैठक में सुब्रत साहू ने पुलिस अधीक्षक से 1 जनवरी 2025 से 19 जून 2025 तक नारकोटिक्स एक्ट के तहत की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि इस दौरान 49 प्रकरण दर्ज किए गए और विभिन्न मादक पदार्थों गांजा 231.745 किग्रा, नशीली दवा 55182 नग, हेरोइन 306.29 ग्राम, ब्राउन शुगर 2.5 ग्राम की बरामदगी हुई है। साथ ही कोटपा एक्ट के तहत दो स्थानों पर कार्रवाई की गई है। उक्त 49 प्रकरणों में 2 प्रकरण पेट्रोलिंग, चेकिंग के दौरान एवं शेष 47 प्रकरण में मुखबीर की सूचना के आधार पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## नशीली दवाओं के मामले में भी कार्रवाई




### मोहन नगर, सुपेला और छावनी थाने में सबसे ज्यादा मामला

जानकारी के मुताबिक नशे से जुड़े ज्यादातर मामले मोहन नगर थाने, सुपेला और छावनी थाने में दर्ज हुए हैं। मोहन नगर थाना क्षेत्र में ग्रीन चौक, शंकर नगर, आर्य नगर, विजय नगर, जयंती नगर, उरला जैसे क्षेत्रों में नशाखोरी बढ़ी है। इसी प्रकार सुपेला में कोहका क्षेत्र में नशाखोरी के ज्यादातर मामले सामने आए हैं। छावनी क्षेत्र में नंदिनी रोड, कैम्प क्षेत्र शामिल हैं। पुलिस द्वारा इन जगहों पर नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है। नशे के सामान की तस्करी करने वालों की धरपकड़ की जा रही है। इसके लिए अलग से टीम का भी गठन किया गया है। मुखबिरों को भी सक्रिय रखा गया है।

### मदाक पदार्थों को जब्त करने बनाई सूची

मादक पदार्थ नष्ट करने हेतु तैयार 53 प्रकरणों की सूची तैयार की गई है। प्रभारी सचिव श्री साहू ने निर्देश दिए कि जब्त मादक पदार्थों का नष्टीकरण तीन से चार महीने में अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने नारकोटिक्स एक्ट के मामलों के शीघ्र निपटारे और जब्ती की कार्रवाई को तेज करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने बच्चों के लिए विशेष नशा मुक्ति केंद्र स्थापित करने की आवश्यकता जताई। इस पर साहू ने जिले में संचालित नशा मुक्ति केंद्र में महिला नशा पीड़ित, अवयस्क नशा पीड़ित और बाल नशा पीड़ितों के लिए पृथक-पृथक पुर्नवास व्यवस्था का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

### प्रशासनिक महकमे ने दी रिपोर्ट

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने बताया कि अप्रैल 2024 से मई 2025 के बीच औषधि विक्रय में अनियमितताएं पाई गईं। इस पर 26 फर्मों को नोटिस, 18 के विरुद्ध निलंबन तथा 03 फर्मों के पंजीयन निरस्त किए गए। श्री साहू ने अधिक से अधिक फर्मों के निरीक्षण और बंद फर्मों का पंजीयन समाप्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान नशीली दवाओं की बिक्री के मामले में की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि नियमित रूप से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जा रही है। जब्ती के साथ आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां न्यायालय में मामले विचाराधीन है।

# चण्डीधाम करमु में मंदिर का होगा नवनिर्माण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

■ सांसद और उपमुख्यमंत्री ने किया भूमिपूजन

चंडीधाम करमु में मंदिर निर्माण का भूमिपूजन हुआ। आयोजन में सांसद विजय बघेल प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर समिति के व्यास नारायण ने कहा कि चण्डी मंदिर में हमारे बीच दो-दो विजय हैं। साजा विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि हम सभी को मां के पास आना है। उनका आशीर्वाद को पाना है। हमें अपने हृदय के कपाट को खोलना है। हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश में विष्णु देव की सरकार है जो प्रदेश के देवताओं के स्थानों के मुफ्त में दर्शन करा रही इस पुनित कार्य में उन्होंने 1.051 लाख की घोषणा की। सांसद विजय बघेल ने कहा कि मां चण्डी मंदिर बहुत ही प्राचीन मंदिर है, जिसे हमारे बुजुर्गो ने सहज कर रखा है। पच्चीस वर्षों से मां के दर्शन करने वे पहुंच रहे हैं। इस मंदिर में एक करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से नवनिर्माण होना है। मां की भक्ति के साथ देश भक्ति भी जुड़ी रहे, हमें बस देश में भीतरी बहारी को देखना है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में देख लो कमाई कोई करे और कोई खाए, घुसपैठिया खाएं। समाज हमारा मजबूत हो तो देश प्रदेश खुद मजबूत हो जा ये गा। छत्तीसगढ़ में हमारे छत्तीसगढ़ में भी ऐसा काम हो रहा, जो कहीं और देखने को नहीं मिलता। उन्होंने अपनी निधि से 15 लाख की घोषणा की। इस अवसर पर लाभचंद बाफना, जितेंद्र साहू, प्रहलाद रजक, अजय साहू, ओमप्रकाश जोशी, कल्पना योगेश तिवारी, अनिता चंदन अग्रवाल, बंसल अग्रवाल, खुशबू गोविन्द पटेल, परमेश्वर वर्मा, प्रीति गोविन्द पटेल सहित अन्य मौजूद थे।

# सेल निदेशक व बीएसपी प्रभारी डीआईसी गुप्ता ने भिलाई संयंत्र में परियोजनाओं की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

■ कार्यपालक निदेशकों के साथ बैठक में प्रगति की समीक्षा , दिए निर्देश

सेल के निदेशक (तकनीकी, परियोजनाएं और कच्चा माल) और निदेशक प्रभारी अतिरिक्त प्रभार (भिलाई इस्पात संयंत्र) मनीष राज गुप्ता गुरुवार को भिलाई पहुंचे। भिलाई निवास पहुंचने पर उनका स्वागत कार्यपालक निदेशक पवन कुमार व राकेश कुमार ने किया। श्री गुप्ता के साथ उनकी पत्नी कविता गुप्ता भी उपस्थित थीं । श्री गुप्ता ने बीएसपी के मरोदा-1 जलाशय स्थित 15 मेगावाट क्षमता वाले निर्माणाधीन फ्लोटिंग सोलर प्लांट के परियोजना स्थल का निरीक्षण किया। परियोजना की स्थापना से जुड़े तकनीकी पहलुओं की समीक्षा की और विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। ईडी राकेश कुमार, सीजीएम प्रवीण राय भल्ला, राजीव पांडे, वी. वेंकटेशन, जीएम आलोक सिंह सहित बीएसपी अधिकारी उपस्थित थे।श्री गुप्ता को इस परियोजना के तकनीकी विवरण जैसे फ्लोटिंग स्ट्रक्चर की डिज़ाइन, सोलर मॉड्यूल इंस्टॉलेशन तकनीक, केबलिंग सिस्टम, इन्वर्टर सेटअप एवं कंट्रोल रूम संचालन की स्थिति की जानकारी दी गई।



### फ्लोटिंग सोलर प्लांट का निरीक्षण

प्रबंधन ने डायरेक्टर को बताया कि फ्लोटिंग सोलर प्लांट अपने अंतिम चरण में है, जिसका क्रियान्वयन एनटीपीसी-सेल पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड (एनएसपीसीएल) द्वारा किया जा रहा है। यह परियोजना स्थापना के उन्नत चरण में है जिसके जुलाई 2025 तक प्रारंभ किये जाने की संभावना है। डीकार्बोनाइजेशन मे अहम कदम है। इसमें प्रतिवर्ष 33 मिलियन यूनिट हरित ऊर्जा का उत्पादन होने की संभावना है, जिससे प्रतिवर्ष लगभग 22,000 टन कार्बन डाइऑक्साइड की बचत होगी। श्री गुप्ता ने दोपहर में कार्यपालक निदेशकों एवं वरिष्ठ प्रबंधन के अन्य सदस्यों के साथ बैठकें कीं, जिनमें विभिन्न विभागीय परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

# तालाबों में उगी जलकुंभी सफाई के साथ निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्र. 04 शिवाजी नगर क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रं. 40 एवं 41 में मंगल बाजार स्थित पूर्व निर्मित सामुदायिक शौचालय, सामुदायिक भवन एवं डोम शेड का निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, वार्ड पार्षद गिरिजा बंछोर के साथ पहुंचे। दोनो भवन की स्थिति देखरेख के अभाव में ठीक नहीं है, जिसका आवश्यक संधारण कार्य कराने साथ ही डोम शेड निर्माण संबंधी नस्ती का अवलोकन कराने जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे को निर्देशित किये। वही लाईट इंडस्ट्रियल एरिया में रोड साइड नाली के उपर अवैध रूप से अतिक्रमण कर नाली को जाम कर दिया गया है, जिसके कारण पानी का निकासी नहीं हो रहा है। जिसको हटाने की कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। कुसुम इंडस्ट्री का औचक निरीक्षण किये, जहां नाला का निर्माण किया जाना है और आवश्यक सफाई हेतु निर्देशित किया गया। आयुक्त पाण्डेय, जोन आयुक्त के साथ हथखोज रोड में चल रहे निर्माणाधीन डामरीकरण कार्य का निरीक्षण किये। निर्माणकर्ता एजेंसी को मौसम देखते हुए डामरीकरण का कार्य शीध्र और गुणवत्ता युक्त कराने निर्देशित किये। जोन क्रं. 03 श्याम नगर तालाब मे बीड हार्वेस्टर से चल रहे जलकुंभी सफाई कार्य का अवलोकन पश्चात स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को अन्य तालाबों की सफाई कराने निर्देशित किये। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता प्रिया करसे, जोन सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, बीरेन्द्र बंजारे, सहायक उद्यान अधिकारी संजय शर्मा, जोन स्वच्छता निरीक्षक चुर्णामणी यादव एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## नगर पथ पर भी नागराज...



**भिलाई।** बारिश के मौसम के दस्तक देते ही टाउनशिप के प्रमुख व्यस्ततम मार्ग सेंट्रल एवेन्यू में भी सांप दिखाई देने लगे हैं।

### 44 हितग्राहियों को पीएम आवास, विधायक हुए शामिल

**भिलाई।** प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत निर्मित आवासो का आबंटन नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सभागार में खुली लाटरी पद्धति से किया गया। मकान आबंटन वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, एम.आई.सी. सदस्य साकेत चंद्राकर एवं निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय उपस्थिति में 44 हितग्राहियों को शामिल कर लाटरी पद्धति से मकान आबंटित किया गया। मकान आबंटन के दौरान आवास विभाग के नोडल अधिकारी डी.के.वर्मा, उपअभियंता दीपक देवांगन, आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन, जोन सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, नम्रता सिंह ठाकुर, जागेश्वर साहू, महेत्तर सोनी, थलेश्वर जोशी, सूडा के इंजीनियर आदित्य ठाकुर, उत्पल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# सेल ने भारतीय नौसेना के आईएनएस अर्नाला के लिए विशेष स्टील की आपूर्ति की

■ नौसेना के बेड़े में शामिल हुआ वाटर क्राफ्ट

**भिलाई।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने भारत के पहले स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और निर्मित एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट (एसडब्ल्यूवाए-एसडब्ल्यूसी ), 'आईएनएस अर्नाला' के लिए विशेष स्टील की पूरी ज़रूरत को किया है। आईएनएस अर्नाला को आज भारतीय नौसेना में शामिल किया गया।

सेल ने गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई ) द्वारा बनाए जा रहे, अन्य सात एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी कोरवेट के लिए भी विशेष स्टील की पूरी आपूर्ति की है। रक्षा स्वदेशीकरण की दिशा में, भारत के प्रयासों में एक प्रमुख भागीदार के रूप में, सेल ने इस परियोजना के लिए आवश्यक जरूरत की पूरी विशेष स्टील की आपूर्ति की है। यह देश की आत्मनिर्भर देश' की पहल को लागू करने और आयात पर निर्भरता को कम करने में सेल की प्रतिबद्धता दोहराई है।

### आईएनएस विक्रांत व चिनाब ब्रिज में भी योगदान

गौरतलब हो कि इसके पूर्व भी सेल ने आईएनएस विक्रांत, आईएनएस विंध्यगिरि, आईएनएस नीलगिरी, आईएनएस सूरत जैसी कई बड़ी परियोजनाओं के लिए विशेष स्टील की आपूर्ति की है। दुनिया के सबसे ऊंचे जम्मू-कश्मीर के चिनाब में निर्मित ब्रिज के निर्माण के लिए भी विशेष स्टील भेजा था। इस ब्रिज का निर्माण प्रधानमंत्री मोदी ने किया था।

## आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल में सुरक्षा को परखा

# ऑक्सीजन प्लांट-2 में लगी आग से कर्मियों को बचाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के ऑक्सीजन प्लांट-2 में आज आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल वैधानिक दिशा-निर्देशों एवं विभागीय प्रोटोकॉल के अनुसार आयोजित की गई, जिसमें संयंत्र के विभिन्न विभागों के बीच आपसी तालमेल और आपात स्थितियों में उनकी क्रियान्वयन क्षमता का मूल्यांकन किया गया।

ऑक्सीजन प्लांट-2 एक अति संवेदनशील क्षेत्र है, जहाँ 2 हजार टन क्षमता वाले दो तरल ऑक्सीजन टैंक स्थित हैं। मॉक ड्रिल में दिखाया गया कि टैंक-2 से जुड़े पंप नंबर-3 में विद्युत फॉल्ट उत्पन्न हो गया है, जिसकी मरम्मत हेतु छह सदस्यीय इलेक्ट्रिकल टीम भेजी गई। इसी बीच पंप नंबर-1 में बेल्ट घर्षण के कारण अचानक आग लग गई, जो लिक्विड ऑक्सीजन के रिसाव के चलते तीव्र हो गई। आग से तीन कर्मचारी कक्ष में फंस गए। उनमें से एक को सहकर्मियों द्वारा सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। साइट इंचार्ज श्री योगेश शर्मा ने शिफ्ट इंचार्ज गौरव चौधरी व विभागाध्यक्ष श्री पी.सी. बाग को जानकारी दी। आपातकालीन सायरन बजने के बाद सुरक्षा टीम ने स्थिति को नियंत्रित किया।



### विभागीय टीम का समन्वय

इस अभ्यास में ऑक्सीजन प्लांट-2 से मो.नदीम खान, प्रतिभा ए हरिशचंद्र, रविकांत वर्मा, शक्ति मानिकपुरी, नजीम अंसारी, उमेश मलायथ, अनुपम प्रसन्ना, शिवम, राजेश ठाकुर, एमडी साहू, सहित बीएसपी की सीआईएसएफ यूनिट, अग्निशमन विभाग, सुरक्षा अभियांत्रिकीय विभाग, सिविल डिफेंस, मानव संसाधन, पर्यावरण प्रबंधन और एमएमपी-1 के अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल हुए। सीजीएम जेपी सिंह व जीएम पीसी बाग ने समन्वय और कार्य निष्पादन की सराहना की गई।



## खबर संक्षेप

### आईटीआई परपोड़ी में प्रवेश पंजीयन जारी

**बेमेतरा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) परपोड़ी में सत्र 2025-26 एवं 2025-27 में विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया 16 जून से प्रारंभ हो गई है, जो 25 जून की रात्रि 11:59 बजे तक चलेगी। इच्छुक अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ शासन की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। संस्था में दो वर्षीय व्यवसाय विद्युतकार एवं फिटर तथा एक वर्षीय व्यवसाय कोपा, मैकेनिक डीजल, वेल्डर एवं सोलर टेक्नोलॉजी संचालित हैं। सभी वर्गों की महिला आवेदकों को प्रशिक्षण शुल्क में शासन द्वारा छूट प्रदान की गई है। इसी प्रकार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पुरुष आवेदकों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर प्रशिक्षण शुल्क में छूट दी जाएगी। सामान्य वर्ग के बीपीएल आवेदकों को भी शासन द्वारा शुल्क में छूट का लाभ मिलेगा। प्रवेश हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण अथवा पुराना 11वीं उत्तीर्ण निर्धारित है। आवेदन के लिए न्यूनतम आयु 14 वर्ष रखी गई है जबकि अधिकतम आयु की कोई सीमा नहीं है। केवल छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी ही आवेदन करने के पात्र हैं, जिसके लिए सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। पात्र अभ्यर्थियों से समय-सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की गई है।

### जिला पंचायत कबीरधाम की बैठक 23 जून को

**कवर्धा।** जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति और सामान्य सभा की बैठक 23 जून को आयोजित की गई है। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि सामान्य प्रशासन स्थाई समिति की बैठक दोपहर 12.30 बजे से तथा सामान्य सभा की बैठक दोपहर 1 बजे से जिपं के सभा कक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित होगी।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 24 जून को

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो, निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है, उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कबीरधाम कार्यालय परिसर में 24 जून मंगलवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी को अपने रोजगार पहचान पत्र, समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, स्थायी जाति व निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 1 पासपोर्ट साईज फोटो, ड्राईविंग लायसेंस व अन्य प्रमाण पत्रों की मूलप्रति एवं छायाप्रतियों के साथ नियत समय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कबीरधाम में उपस्थित हो सकते है। इसके लिए किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

### हर गरीब के पक्का मकान का सपना हो रहा साकारः चंद्रप्रकाश

**कवर्धा।** नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चयनित हितग्राहियों को उनके नवनिर्मित होने वाले आवास के लिए भवन निर्माण की अनुज्ञा कार्यालय में प्रदान किए।
इस अवसर पर उन्होने सभी लाभार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, पार्षद प्रतिनिधि सोनु उपाध्याय भी उपस्थित थे। श्री चंद्रवंशी ने हितग्राहियों को योजना के तहत मिलने वाली कुल राशि, किस्तों की प्रक्रिया एवं भुगतान की समय-सारणी के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने हितग्राहियों से आग्रह किया कि वे निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप में पूर्ण करें और स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुदृढ़ आवास की ओर अग्रसर हों।
नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह योजना देश के हर गरीब और बेघर व्यक्ति के लिए एक वरदान साबित हो रही है।

# योग से सहयोग की भावना जन्म लेती है और दुनिया को जोड़ता है : महानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

देश में मोदी सरकार ने 11 वर्ष के कार्यकाल में जनहित पर लगातार कार्य कर रही । जिनमें योग दिवस भी एक महत्वपूर्ण कार्य है इसके माध्यम से देश दुनिया में लोगों को निरोग रहने के लिए योग के बारे में महत्व बताया गया । उक्त बाते भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री किशोर महानंद ने जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही । योग दिवस के परिपेक्ष्य पर प्रदेश संगठन के तरफ से प्रभारी श्री महानंद पत्रकारों से कहा योग को विश्व के 177 देशों ने स्वीकार करते हुए योग दिवस मनाया जा रहा है महानंद ने कहा कि करो योग रहो निरोग प्रत्येक व्यक्ति को योग करना चाहिए इसके कई विभिन्न आसन है जिसके करने पर लोग निरोग रह सकते हैं ।उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के मंडल स्तर से लेकर जिला स्तर पर यह कार्यक्रम किया जा रहा है यह कार्यक्रम मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से लगातार चल रहा है उन्होंने कहा कि योग आम और खास सभी लोगों को करना चाहिए उन्होंने प्रेस मीडिया वालों से भी योग करने के लिए आग्रह किया

## योग दिवस मनाने जिला भाजपा कार्यालय में प्रदेश मंत्री ने ली पत्रकार वार्ता



### प्रधानमंत्री मोदी रोज करते हैं योग

प्रधानमंत्री मोदी स्वयं प्रतिदिन योग करते हैं और समय-समय पर देशवासियों से भी इसका आह्वान करते हैं। उन्होंने योग को /"सॉफ्ट पावर/" के रूप में उपयोग करते हुए विश्व स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया। उनके प्रयासों से भारत ने दुनिया को यह संदेश दिया कि आध्यात्मिक विरासत, आधुनिक स्वास्थ्य की चाबी बन सकती है। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष सहित पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ,नरेंद्र वर्मा, रीना साहु प्रणीश रजक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### योग दिवस ने नई मिसाल कायम की

उन्होंने बताया कि वन अर्थ, वन हेल्थ जैसे वैश्विक संदेशों में योग एक मूल आधार है।2023 में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय, न्यूयॉर्क में पीएम मोदी के नेतृत्व में आयोजित योग दिवस ने नई मिसाल कायम की 121 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह विश्व में योग को राजनयिक सेतु के रूप में स्वीकारने का प्रतीक बन गया है और मोदी सरकार के प्रयासों से योग को गांव-गांव, स्कूलों, ऑफिसों, जेलों, सेना और यहां तक कि दूरदराज के आदिवासी इलाकों में भी पहुँचाया गया। भारत के 150 से अधिक दूतावासों और उच्चायोगों ने मोदी जी के नेतृत्व में हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया। प्रधानमंत्री की पहल पर योग को विश्व स्वास्थ्य संगठन के माध्यम से ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन के रूप में मान्यता मिली। साथ ही एम योग ऐप की शुरुआत की गई है जो विश्व की विभिन्न भाषाओं में योगाभ्यास सिखाता है।

## सौगात : करमु में मंदिर निर्माण का भूमिपूजन

# थानखम्हरिया को उपमुख्यमंत्री विजय ने दी 7 करोड़ के विकास की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थानखम्हरिया

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान बेमेतरा जिले को बड़ी सौगात दी। इस दौरान उन्होंने ग्राम करमु और नगर पंचायत थानखम्हरिया में धार्मिक और विकासात्मक कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने करमु में मां चंडी मंदिर के नवनिर्माण हेतु भूमि पूजन किया और थानखम्हरिया में करीब 7 करोड़ रुपये की लागत वाले 36 विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। दौरे की शुरुआत ग्राम करमु से हुई, जहां उपमुख्यमंत्री ने जनसहयोग से बनने वाले मां चंडी मंदिर के निर्माण हेतु भूमि पूजन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात वे थानखम्हरिया पहुंचे, जहां सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित भव्य समारोह में उन्होंने 653.62 लाख रुपये की लागत से बनने वाले 36 विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। इस समारोह की अध्यक्षता दुर्ग सांसद विजय बघेल ने की, वहीं साजा विधायक ईश्वर साहू, प्रहलाद रजक अध्यक्ष रजक बोर्ड, जितेन साहू तेलघानी नाका बोर्ड, भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू, राजेंद्र शर्मा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, ओमप्रकाश जोशी पूर्व जिला अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिता चंदन अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, चंदन अग्रवाल (विधायक प्रतिनिधि), युवा भाजपा नेता बसंत अग्रवाल, सहित कई जनप्रतिनिधि एवं नागरिक मौजूद रहे।



### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस ऐतिहासिक आयोजन में जितेंद्र साहू जनपद अध्यक्ष,परमेश्वर वर्मा भाजयुमो जिला अध्यक्ष, केशव पटेल मंडल अध्यक्ष, चंद्रप्रताप सिंह बैस सरपंच ग्राम पंचायत ढोरली, अंजना राजेश ठाकुर, सरिता जैन एवं नगर पंचायत के सभी पार्षदगण मनीष रात्रे, विजय यादव, नेहा जितेन्द्र सिन्हा, संतोष गोविंद शर्मा, भारती हरीश निर्मलकर, ललिता विनोद यादव, नरेश पाटिल, शरद कुम्भकार, प्रवेश ध्रुव, अंजू टीकम अग्रवाल, करीम बेग, ऋषि तिवारी, नेहा भैयाराम लहरे, वीरेंद्र सिन्हा व सूरज पाल एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

**भावुक क्षणः भुनेश्वर साहू की स्मृति में गार्डन और मूर्ति की घोषणा-** अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि थानखम्हरिया को दी गई 7 करोड़ रुपये की विकास योजनाएं इस क्षेत्र की दिशा और दशा को बदलने में सक्षम हैं। उन्होंने एसडीओपी कार्यालय और आईटीआई कॉलेज की स्थापना के लिए भी गंभीर प्रयास करने का भरोसा दिया। इस दौरान उन्होंने एक भावुक घोषणा करते हुए बिरनपुर कांड में मृतक भुनेश्वर साहू (साजा विधायक ईश्वर साहू के सुपुत्र) की स्मृति में साजा क्षेत्र में गार्डन और मूर्ति स्थापना के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। यह घोषणा सभा में उपस्थित लोगों को भावविभोर कर गई और पूरे वातावरण में श्रद्धांजलि की भावना व्याप्त हो गई।

**विधायक और नगर पंचायत की घोषणाएं भी रहीं आकर्षण का केंद्र-** नगर पंचायत अध्यक्ष अनिता चंदन अग्रवाल ने उपमुख्यमंत्री एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष क्षेत्र की विभिन्न आवश्यकताओं को रखा, जिस पर विधायक ईश्वर साहू ने तुरंत सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए 15 लाख रुपये अपनी निधि से देने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने कुल 30 लाख रुपये के नवीन कार्यों की घोषणा कर जनता को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र विकास के पथ पर अग्रसर रहेगा।

# युक्तिकरण से जिले की कई शालाएं बंद लेकिन संलग्नीकरण नहीं हुआ समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक बेमेतरा आशीष छाबड़ा ने जारी प्रेस बयान में आरोप लगाते हुए कहा कि एक तरफ तो शासन द्वारा युक्तिकरण के नाम पर शालाओं को बंद करने का काम किया गया है वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार के आदेश देने के बाद भी बेमेतरा शिक्षा जिले में अब तक शिक्षकों का संलग्नीकरण समाप्त नहीं किया गया है ,जबकि बेमेतरा जिले के सभी ब्लॉकों के विकासखंड स्त्रोत समन्वय बी आर सी एवं जिला स्त्रोत समन्वयक डी एम सी सहित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संलग्न किए गए विभिन्न पदों पर कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों को आखिर किसके कहने पर अब तक संलग्नीकरण से मुक्त नहीं किया गया है ,क्या उनके मूल संस्थाओं का अधिकार नहीं है जिनकी सेवाएं इन कर्मचारियों को मिली है। श्री छाबड़ा ने कहा इन शिक्षकों का कार्यालय में संलग्ननिकरण से उन स्कूलों के बच्चों की शिक्षा पर पड़ने वाले प्रभाव को देखा जाना चाहिए क्या अब शिक्षकों की कमी नहीं हो रही है निश्चित रूप में बेमेतरा शिक्षा जिले में बड़े पैमाने पर पैसों के बल पर संलग्नीकरण किया गया था जिस कारण से ही अब तक शासन के आदेश के बाद भी बेमेतरा में संलग्नीकरण समाप्त नहीं किया गया है ।



**लाखों का भ्रष्टाचार-** पैसे के बल पर संलग्नीकरण करवाने वाले यह अधिकारी, कर्मचारी बेमेतरा के उच्च कार्यालय में बैठकर लाखों करोड़ों की हेरा फेरी कर रहे हैं यह भ्रष्टाचार के संवाहक हैं तथा भाजपा पोषित इन कर्मचारियों और अधिकारियों का मूल कार्य ही अपने आकाओं को आर्थिक लाभ पहुंचने का रहा है । जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि कुछ कर्मचारियों का आधा अधूरा वापसी का आदेश जारी हुआ है किंतु इससे काम चलने वाला नहीं है अटैचमेंट वाले सभी कर्मचारी को उनके मूल पर स्थापनाओं में भेजा जाना ही इस समस्या का समाधान है और इस बात की भी जांच होनी चाहिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में हुए भ्रष्टाचार में इनका किस हद तक हाथ रहा है तथा यह किन के इशारों पर काम करते हैं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में हो रहे भ्रष्टाचार एवं भर्राशाही तथा बेमेतरा जिले में शिक्षा की चरमराई व्यवस्था को लेकर को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सोमवार 23 जून को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव तथा धरना प्रदर्शन भी किए जाने की जानकारी दी गई है ।

# ग्राम मल्दा के शाला प्रवेशोत्सव में छात्र-छात्राओं का छलका उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/

शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला मल्दा विकासखंड नवागढ़ जिला बेमेतरा में आज गरिमामय माहौल में शासन के निर्देशानुसार शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया था। जिसमें नवप्रवेशी कक्षा पहली व कक्षा छटवी के बच्चों का मुँह मीठा कर ग़ुलाल लगाकर तथा गणवेश वितरण कर स्वागत व अभिनन्दन किया गया। पालक व जनप्रतिनिधि गण की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि के रुप मे ग्राम के सरपंच मनोज साहू की उपस्थित रहे। जिनके कर कमलों से बच्चों को गणवेश वितरण व अभिनन्दन किया गया। जिन्होंने बच्चों को अपने उदबोधन मे शुभकामनायें देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। संस्था के समस्याओ पर ध्यान देने की बात कही। बच्चों द्वारा प्रांगण को रंगोली व फूल से सजाया गया था। पौधा रोपण भी एक पेड़ माँ के नाम पर किया गया। बच्चों के चेहरे पर प्रसन्नता झलक रहे थे। कार्यक्रम की आगुवानी पूर्व माध्यमिक मल्दा प्रधान पाठक कुमार साहू कर रहे थे। कार्यक्रम मे मल्दा सीएसी कौशल साहू प्राथमिक शाला मल्दा प्रधान पाठक राधेश्याम सिंह बैस का सराहनीय योगदान रहा है। अशोक साहू शिक्षक पूर्व माध्य मल्दा ने भी विचार अभिव्यक्ति प्रदान किया। पूर्व माध्य शाला मल्दा से शिक्षक ध्रुव, दरस निषाद, प्राथ शाला मल्दा से शिक्षिका पुष्पा साहू, चुन्नी लाल साहू, धनीराम साहू सर श्री गोपाल प्रसाद साहू सर की भी विशेष सहभागिता रही है। पालक समुदाय ने बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामनाये की। बच्चों को खीर पूड़ी परोसा गया। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्राथमिक शाला प्रधान पाठक मल्दा राधेश्याम सिंह बैस ने किया।



# जिला स्तरीय सहकारी सम्मेलन में शामिल हुए सांसद और विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

सेवा सहकारी समिति मर्यादित हसदा में जिला स्तरीय सहकारी सम्मेलन एवं नवनियुक्त प्राधिकृत अध्यक्षों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ ।समारोह के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल सांसद रहे । अध्यक्षता विधायक दीपेश साहू ने की वही विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल ,पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग प्रीतपाल बेलचंदन जनपद सदस्य, रेखा पोषण सिन्हा, सेवा सहकारी समिति मर्यादित हसदा अध्यक्ष प्रकाश वर्मा मौजूद रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किए ।इस दौरान सांसद विजय बघेल ने कहा हमारा प्रयास है कि किसानों एवं हर ग्रामवासी को योजनाओं का समुचित लाभ मिले, चाहे वह बीज वितरण हो, खाद-उर्वरक हो या फसली ऋण। आने वाले समय में समितियों का डिजिटलीकरण, पारदर्शिता और किसानों की आर्थिक मजबूती हमारी प्राथमिकता रहेगी। विधायक दीपेश साहू ने अपने संबोधन में कहा –आज जब देश और राज्य आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अग्रसर है, ऐसे समय में सहकारिता की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। सहकारी समितियाँ किसानों की रीढ़ होती हैं। सरकार की योजनाएं तभी सफल होती हैं जब उसकी पहुँच अंतिम छोर के कृषक तक हो। इस दिशा में सेवा सहकारी समिति हसदा और अन्य समितियाँ सराहनीय कार्य कर रही हैं। पूर्व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने कहा सहकारिता किसानो की आर्थिक सुदृड़ीकरण की एक अनूठा संस्थान हैं यह समाज की पूंजी हैं जिससे हर वर्ग लाभान्वित होते हैं कार्यक्रम मे समस्त अतिथियों द्वारा एक पेड़ मा के नाम से पौधा रोपित किया गया । के के यादव ने आभार जताया वही कार्यक्रम का संचालन देवलाल सिन्हा ने किया। सम्मेलन के दौरान क्षेत्र के विभिन्न सोसायटी अध्यक्षों, भाजपा पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत मे एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत समस्त अतिथियों ने वृक्षारोपण किया l इस अवसर पर नरेंद्र वर्मा, नथमल कोठारी, संध्या परगनिया, सूर्यकांत नायक, नंदिनी पटेल , डोमेन्द्र सिंह राजपूत, यशवंत वर्मा, दोहाई लाल वर्मा, भागी साहू, गोवर्धन पटेल ,दुर्गेश वर्मा, भोजेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत हसदा, नेवनारा, देवादा व सांकरा के सोसायटी अध्यक्ष, सरपंच सहित किसान एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## जिलेवासियों के लिए मांगी सुख-समृद्धि एवं खुशहाली

# राज्यपाल डेका ने मां भद्रकाली मंदिर पहुंचकर की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/

प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका अपने दो दिवसीय बेमेतरा प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह जिला मुख्यालय स्थित बाजारपारा में प्रसिद्ध माँ भद्रकाली मंदिर पहुँचे, जहाँ उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर जिलेवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।राज्यपाल श्री डेका ने मंदिर प्रांगण में पहुँचते ही माँ भद्रकाली के दर्शन कर पूजा अर्पित कर शिवजी पर जल चढ़ाया और प्रदेश व जिले की जनता के लिए मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं । उन्होंने मंदिर की व्यवस्था एवं स्वच्छता की सराहना करते हुए कहा कि यह स्थल श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र है और इसका धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व अत्यंत विशेष है। साथ में मौजूद जनसेवक शिवम् तिवारी व मुख्य पुजारी ने राज्यपाल को माँ भद्रकाली का चित्र भेंट किया । पूजा के दौरान मंदिर परिसर में बड़ी कलेक्टर रणबीर शर्मा, एसएसपी रामकृष्ण साहू, एडीएम अनिल वाजपेयी, एसडीएम प्रकाश भारद्वाज,नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, शिवम् तिवारी,पुजारी सन्नी तिवारी ,पुजारी बसंत दुबे, पुजारी राकेश शास्त्री महाराज ,भाजपा कोषाध्यक्ष दीपक मोटवानी, सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं आमजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे। राज्यपाल के आगमन को लेकर मंदिर परिसर एवं आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए थे। मंदिर समिति एवं जिला प्रशासन द्वारा स्वागत की विशेष व्यवस्था की गई थी। राज्यपाल का यह दौरा जनभावनाओं से जुड़ाव और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति सम्मान को दर्शाता है।



**समाजसेवी तिवारी के न्योता पर पहुंचे मंदिर-** शहर के समाजसेवी शिवम् तिवारी ने राज्यपाल रमेन डेका से उनके प्रवास पर गुरुवार शाम सौजन्य मुलाकात किए । भेंट पर श्री डेका ने श्री तिवारी से जिले की विभिन्न मुद्दों पर चर्चा उपरांत जानकारी ली। इस दौरान उन्हें शहर की सिद्ध माता भद्रकाली मंदिर की प्रसिद्धि की जानकारी देते हुए दर्शन करने का न्योता दिया जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार करते हुए शुक्रवार मंदिर पहुंच पूजा अर्चना किए ।

